web : www.nyaysakshi.com
पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 30 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-91

## बिल को सिलेक्ट कमिटी के पास भेजने पर अड़े

### तीन तलाक पर राज्यसभा में विपक्ष एकजुट



नई दिल्ली (आरएनएस)। विवादास्पद तीन तलाक बिल भले ही लोकसभा में पास हो गया हो पर राज्यसभा में इसे विपक्षी दलों का कड़ा विरोध झेलना पड़ सकता है। दरअसल, एकजुट विपक्ष इस बिल को आगे जांच के लिए सिलेक्ट कमिटी के पास भेजने की मांग कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि उच्च सदन में अगर संख्याबल की बात की जाए तो वह विपक्ष के साथ जाता दिख रहा है। सोमवार को बिल राज्यसभा में आने की संभावना है और सरकार व विपक्ष दोनों तरफ से रणनीति पर काम भी शुरू हो गया है। इस बीच, शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के कारण दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

आपको बता दें कि राज्यसभा में यूपीए के पास 112 सदस्य है जबकि एनडीए के पास 93। एक सीट खाली है। बाकी दूसरी पार्टियों के 39 सदस्य एनडीए या यूपीए से संबद्ध नहीं हैं और ऐसे में वे इस विवादास्पद कानून को पास कराने या रोकने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वैसे, 245 सदस्यीय सदन में 123 के आधे आंकड़े से एनडीए दूर है लेकिन यह भी सच है कि राज्यसभा के डेप्युटी चेयरमैन के चुनाव में उसे जीत मिली थी।

**आरएस डेप्युटी चेयरमैन चुनाव में मिली थी जीत**

एनडीए की ओर से जनता दल (युनाइटेड) के उम्मीदवार हरिवंश को 125 वोट मिले थे जबकि विपक्ष समर्थित कांग्रेस के बीके हरिप्रसाद को 101 वोट मिले थे। ऐसे में सरकार इस बिल को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रही है। इस कानून के तहत मुस्लिम व्यक्ति के द्वारा एक बार में तीन तलाक देना अपराध घोषित किया गया है। सरकार को उम्मीद है कि राज्यसभा में उसे पर्याप्त समर्थन मिलेगा, जो इस बिल के कानून बनने के लिए जरूरी है।

गुरुवार को लोकसभा में बिल पास

इससे पहले गुरुवार को तीखी बहस के बाद एक साल में दूसरी बार लोकसभा ने इस बिल को पास कर दिया। सदन में मौजूद 256 सांसदों में से 245 सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि 11 सदस्यों ने इसके खिलाफ अपना वोट दिया। असदुद्दीन ओवैसी के तीन संशोधन प्रस्ताव भी सदन में गिर गए। कई अन्य संशोधन प्रस्तावों को भी मंजूरी नहीं मिली।

**सोमवार को राज्यसभा की बारी**

सूत्रों का कहना है कि विपक्षी दलों ने इस बात को लेकर चर्चा की है कि इस बिल को सिलेक्ट कमिटी के पास भेजने की मांग की जाएगी।

## बर्फ में फंसे 11 लोगों में से चार को बचाया गया



खाबरोवस्क (आरएनएस)। रूस में पूर्वी खाबरोवस्क प्रांत के निकोलायेवस्की में हिमस्खलन के बाद बर्फ में फंसे 11 लोगों में से चार लोगों की सुरक्षित बचा लिया गया है।

जिला प्रशासन ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने कहा, बर्फ में फंसे चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है तथा अन्य लोगों अभी भी लापता हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। प्रशासन ने बताया कि सात लोग अभी भी बर्फ में फंसे हुए हैं।

## बातचीत के लिए सौहार्दपूर्ण माहौल तैयार करने की जिम्मेदारी पाक की है

### सुषमा ने रखी शर्त



नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कहा है कि सार्थक द्विपक्षीय बातचीत के लिए सौहार्दपूर्ण माहौल तैयार करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। उन्होंने कहा कि बातचीत का माहौल आतंक, दुश्मनी तथा हिंसा से मुक्त होना चाहिए। राज्यसभा में शिवसेना के सांसद अनिल देसाई के एक सवाल के लिखित जवाब में स्वराज ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान से स्पष्ट कर दिया है कि एक सार्थक बातचीत के लिए सौहार्दपूर्ण माहौल तैयार करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है और यह माहौल आतंक, दुश्मनी तथा हिंसा से मुक्त होना चाहिए।

देसाई ने सवाल किया था कि पाकिस्तान की निरंतर आतंकवादी गतिविधियों को देखते हुए पिछले तीन साल में भारत ने उसके खिलाफ क्या-क्या दंडात्मक आर्थिक और सैनिक प्रतिबंध लगाए हैं। स्वराज ने कहा, 'पाकिस्तान की ओर से सीमा पर निरंतर हो रही आतंकवादी घटनाएं भारत के लिए गहरी चिंता का विषय बनी हुई है। पाकिस्तान सरकार से लगातार आग्रह किया गया है कि वह अपने नियंत्रण में आने वाले किसी भी भूक्षेत्र का किसी भी तरीके से भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दे।'

विदेश मंत्री ने कहा, 'भारत सीमा पार से आतंकवादी घुसपैठ और पाकिस्तानी सेना द्वारा कवर फायर दिए जाने से संबंधित सभी कोशिशों का माकूल जवाब देने के लिए दृढ़ एवं निर्णायक कदम उठाता रहा है।' स्वराज ने वर्ष 2016 में भारतीय थलसेना की ओर से अंजाम दिए गए सर्जिकल स्ट्राइक की तरफ इशारा करते हुए कहा।

## कोहरे के कारण हाइवे पर भीषण सड़क हादसा, 7 की मौत, 4 अन्य घायल



अंबाला (आरएनएस)। हरियाणा के शहर अंबाला में हुए एक भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। अंबाला-चंडीगढ़ हाइवे पर हुए इस हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में मृत सभी लोग चंडीगढ़ के रहने वाले हैं, जिनके शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह घने कोहरे के बीच एक ट्रक ने अंबाला-चंडीगढ़ नैशनल हाइवे पर दो एसयूवी गाड़ियों को टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि इसके कारण एसयूवी में सवाल 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने शवों को वाहन से निकलवा कर इन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

## गगनयान प्रॉजेक्ट के लिए 10,000 करोड़ रुपये मंजूर

### 3 भारतीय अंतरिक्ष में गुजारेंगे 7 दिन



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी गगनयान प्रॉजेक्ट के लिए 10,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इस मिशन के तहत तीन सदस्यीय क्रू कम से कम 7 दिन के लिए अंतरिक्ष की यात्रा पर जाएगा। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार को कैबिनेट ने इस अभियान के लिए राशि के आवंटन को मंजूरी दे दी। मीडिया को संबोधित करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इस परियोजना में 10,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। अंतरिक्ष पर मानव मिशन भेजने वाला भारत दुनिया का चौथा देश होगा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी स्पीच में गगनयान प्रॉजेक्ट का ऐलान किया था। पीएम मोदी ने कहा कि था यह मिशन 2022 तक पूरा होगा।

## नकली नोट से मतदाताओं को रिश्वत देने के मामले में जमात नेता की पत्नी, बेटा गिरफ्तार



ढाका (आरएनएस)। बांग्लादेश में मतदाताओं को कथित तौर पर नकली नोट के जरिए रिश्वत देने की कोशिश करने के मामले में गिरफ्तार किए गए चार लोगों में जमात-ए-इस्लामी के एक नेता की पत्नी और उनका बेटा भी शामिल हैं। 'बीडीन्यूज' के अनुसार वोट खरीदने की कोशिश किए जाने की खुफिया सूचना मिलने के बाद जमात की सदर उपजिला इकाई की पश्चिमी शाखा के प्रमुख आमीर शहादात के घर पर शुक्रवार को छापा मारा गया और यह गिरफ्तारी की गई। जमात नेता मौके से भाग निकला लेकिन उसके बेटे जहरूल इस्लाम, उसकी पत्नी हफीजा खातून और दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि उसके घर से 1000 टका के बंद हो चुके करीब 39 जाली नोट बरामद किए गए। जेल में बंद प्रधानमंत्री खालिदा जिया के दल 'बीएनपी' के महत्पूर्ण सहयोगी जमात-ए-इस्लामी को पिछले सप्ताह ही बांग्लादेश चुनाव आयोग ने आम चुनाव लड़ने की अनुमति दी थी। कट्टरपंथी दल के पंजीकरण को खत्म करने के दो महीने बाद उसे यह अनुमति दी गई थी। जमात संसदीय चुनाव में 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रहा है।

## सरकार जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने को तैयार : राजनाथ



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन को सही ठहराते हुए कहा है कि वहां की राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए कोई और विकल्प बचा ही नहीं था। केंद्र ने संसद में कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या गठबंधन ने सूबे में सरकार के गठन का दावा पेश नहीं किया था। हालांकि सरकार ने लोकसभा में इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हम जल्द ही चुनाव कराने के लिए तैयार हैं।

संसद में एक प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए कहा कि बीजेपी ने किसी क्षेत्रीय दल से सरकार के गठन के लिए संपर्क नहीं किया था। जम्मू कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 356 लगाए जाने के संबंध में सांविधिक संकल्प पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'जम्मू कश्मीर में कोई भी गलत या अनैतिक कार्य इस सरकार के तहत नहीं होगा।'

राज्य में चुनाव कराने के बारे में कुछ सदस्यों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव कराना चुनाव आयोग का काम है. लेकिन हम पूरी तरह से तैयार हैं। अगर आयोग चुनाव के संबंध में सुरक्षा मांगता है तो हम प्रदान करेंगे। सिंह ने कहा कि केंद्र लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने का बचाव करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि बीजेपी की मंशा पर सवाल नहीं किया जा सकता। अगर बीजेपी को सरकार बनानी होती तो वह छह महीने के समय में कोशिश कर सकती थी, लेकिन हमने नहीं किया।

## मुठभेड़ के दौरान 4 आतंकवादी ढेर, सेना की बड़ी कार्रवाई



पुलवामा (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सेना ने शनिवार सुबह एक बड़ी मुठभेड़ में 4 आतंकियों को मार गिराया है। पुलवामा के राजपोरा गांव में हुई इस मुठभेड़ के दौरान सेना और एसओजी के जॉइंट ऑपरेशन में 4 आतंकी मार गिराए गए। सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब खत्म हो गया है।

सैन्य सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेना को शुक्रवार-शनिवार की रात पुलवामा में आतंकी मौजूदगी के इनपुट्स मिले थे। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस की 183 बटैलियन और जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसओजी टीम को राजपोरा गांव की घेराबंदी करने के लिए भेजा गया। इसी दौरान यहां के हाजीपाइन इलाके के एक मकान में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर भागने के प्रयास किए।

**इलाके में इंटरनेट सेवाओं पर लगी रोक**

इस गोलीबारी के बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आतंकियों को एक मकान में घेर लिया, जिसके बाद शनिवार सुबह से ही इलाके में दोनों तरफ से भारी गोलीबारी की शुरुआत हुई। इस कार्रवाई के दौरान सेना ने इलाके में इंटरनेट सेवाओं पर भी रोक लगवा दी और सुरक्षा के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस की कई टीमों को मुठभेड़ स्थल के आसपास तैनात किया गया।

## राजधानी में मौसम का सर्वाधिक ठंडा दिन


### न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में शनिवार सुबह कड़कड़ाती ठंड रही। यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अब तक मौसम का सबसे कम तापमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है और सुबह 8.30 बजे आर्द्रता का स्तर 85 फीसदी दर्ज किया गया।

## द ऐक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर पर राजनीति गरम

### महाराष्ट्र यूथ कांग्रेस ने दी धमकी, पुनिया का बीजेपी पर निशाना




नई दिल्ली (आरएनएस)। फिल्म रिलीज होने से पहले द ऐक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर का ट्रेलर जारी होते ही फिल्म विवादों में घिर गई है और इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने फिल्म को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं, डॉक्टर मनमोहन सिंह ने फिल्म से जुड़े सवाल पर चुप्पी साध ली है। महाराष्ट्र यूथ कांग्रेस ने तल्ख लहजों में कहा कि वे इस मूवी को देखेंगे। अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो इस फिल्म को देश में कहीं भी रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस सांसद पीएल पुनिया ने इस फिल्म को बीजेपी का गेम बताया है। वहीं, अनुपम खेर ने कहा है कि कांग्रेस जितना विरोध करेगी, उनकी फिल्म को उतना प्रचार मिलेगा। इस फिल्म को लेकर नई दिल्ली में कांग्रेस की स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से जब सवाल पूछा गया तो वह बिना कोई जवाब दिए आगे बढ़ गए। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया ने इसे लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। पुनिया ने कहा, द ऐक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर मूवी का ट्रेलर बीजेपी हैंडल से ट्वीट किया गया। यह बीजेपी का गेम है। वे (बीजेपी के नेता) जानते हैं कि पांच साल पूरे होने को हैं और उनके पास जनता को बताने के लिए कुछ भी नहीं है।

## 115 साल पुराना पुल ढहा, दो लोगों की मौत

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड के देहरादून में शुक्रवार तड़के एक लोहे का पुल ढह जाने से उस पर होकर गुजर रहा एक डंपर (छोटा ट्रक) और एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीरपुर क्षेत्र में तमसा नदी पर 115 साल पुराना ब्रिटिश कालीन लोहे का पुल बना था। शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े पांच बजे पुल ढह जाने से उस पर होकर गुजर रहा एक डंपर और एक मोटरसाइकिल लगभग सौ फीट नीचे आ गिरे। पुलिस ने स्थानीय लोगों और सेना के जवानों की मदद से गहरी खाई में गिरे तीन लोगों को निकाला गया। दुर्घटना में दो अन्य व्यक्ति घायल भी हुए हैं जिन्हें उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### घर में लगी भीषण आग, जिंदा जले सात बच्चे

मैक्सिको सिटी (आरएनएस)। मैक्सिको के घनी आबादी वाले इजतापालापा क्षेत्र में एक घर में लगी आग में सात बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह आग बुइनाविस्ता क्षेत्र में लगी और इसकी चपेट में आकर सात बच्चों की मौत हो गई। इनकी उम्र दो से 13 वर्ष के बीच है। जिस समय यह घटना हुई उस वक्त उनके माता पिता घर पर नहीं थे।

### प्रदेश में कड़ाके की ठंड, शीतलहर के हालात

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में बदली छंटते ही एक बार फिर से ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। वहीं मौसम विभाग ने भी आगामी चौबीसी घंटों के दौरान ठंड के इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है।

### सिम्स में मधुमक्खियों का हमला स्टाफ और मरीजों में मची हड़कंप

बिलासपुर (आरएनएस)। सिम्स के डॉक्टर, नर्स स्टाफसहित भर्ती मरीज व उनके परिजन मधुमक्खियों से परेशान हैं। शुक्रवार को मधुमक्खियों के छत्ते को किसी छेड़ दिया। इसके बाद मधुमक्खियां मरीजों व परिजनों को काटने के लिए दौड़ाने लगे। सिम्स (छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंसेज) की पुरानी बिल्डिंग में मधुमक्खियों ने करीब 8-10 छत्ते बना लिए हैं। इसके वार्ड के पास होने के कारण मरीजों व उनके परिजनों के लिए खतरा रहता है। दोपहर करीब 12.30 बजे मधुमक्खी के छत्ते को किसी ने छेड़ दिया। इससे मधुमक्खियां भड़क गईं। सिम्स परिसर के चारों तरफ मधुमक्खियों का झुंड उड़ने लगा। डंक मारने के डर से सभी लोग वार्ड से बाहर निकलने लगे। किसी ने सिम्स प्रभारी एमएस डॉ. बीपी सिंह व डीन डॉ. रमणेश मूर्ति को सूचना दी। प्रबंधन ने कर्मचारियों को मधुमक्खियों को भगाने के लिए कहा। कर्मचारियों ने धुंआ दिखाकर भगाने की कोशिश की। इसके बाद मधुमक्खियां चारों तरफउड़ने लगीं। सड़क की ओर चली गईं।

### भूटान को 4,500 करोड़ रुपये की सहायता देगा भारत

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान के अपने समकक्ष लोटे शेरिंग के साथ व्यापक वार्ता के बाद उनकी 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 4,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने की शुक्रवार को घोषणा की। मोदी ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि भूटान के साथ हाइड्रो पावर पर सहयोग द्विपक्षीय संबंधों का अहम आयाम है और मांगेदाचू परियोजना पर काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। शेरिंग आम चुनावों में अपनी पार्टी की जीत के बाद पिछले महीने हिमालयी देश के प्रधानमंत्री बने थे।

### वित्त वर्ष 2017-18 में एटीएम की संख्या 1,000 घटी: रिजर्व बैंक

मुंबई (आरएनएस)। वित्त वर्ष 2017-18 में देश में एटीएम की संख्या 1,000 कम होकर 2.07 लाख पर आ गई है। रिजर्व बैंक की शुक्रवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया कि एटीएम की संख्या कम होने का मुख्य कारण कुछ सार्वजनिक बैंकों द्वारा अपनी शाखाओं की संख्या को तार्किक बनाना है। इसी प्रक्रिया के बीच बैंक की शाखाओं में लगे एटीएम की संख्या इस दौरान 1.09 लाख से कम होकर 1.06 लाख पर आ गई। हालांकि इस दौरान शाखाओं से इतर लगे एटीएम की संख्या 98,545 से बढ़कर एक लाख पर पहुंच गई।

### 1000 करोड़ का प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में ऐंटी नारकोटिक्स सेल ने न्यू ईयर से पहले मुंबई में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब एक हजार करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त किया है।